# जनपद–बलरामपुर एवं श्रावस्ती की भ्रमण आख्या

**(भ्रमण अवधि–दिनांक 06–08जून, 2022)**

राज्य स्तरीय टीम–

टीम लीडर –श्री अजय शर्मा
सदस्य –डा0 अनीता कुमारी,कन्सलटेन्ट–सी0पी0
सदस्य –सुश्री अर्चना शुक्ला

दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गयी इकाइयां/गतिविधियां–

1. सी0एच0सी0, श्रीदत्तगंज।
2. उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–जिगना,ब्लॉक श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।
3. उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर –कटिया,बलरामपुर।
4. उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर –रामपुर बनभुसरा, बलरामपुर।
5. एफ0आर0यू0, सी0एच0सी0, इकौना, श्रावस्ती।
6. उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–जयचन्दपुर कटघरा, ब्लॉक–इकौना, जनपद– श्रावस्ती।
7. उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–गुलरा, ब्लॉक–सिरसिया, जनपद– श्रावस्ती।
8. उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–चिल्हरिया, ब्लॉक–सिरसिया, जनपद– श्रावस्ती।
9. ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र(हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर)–जोकहिया–बलरामपुर, जनपद बलरामपुर
10. उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–बरईपुर, जनपद– बलरामपुर।
11. उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–मदारा, ब्लॉक–इकौना, जनपद– श्रावस्ती।

मिशन निदेशक एन0एच0एम0 उ0प्र0 द्वारा दिये गये अनुमोदन के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 06 अप्रैल, 2022 को जनपद बलरामुपर का भ्रमण कर दिनांक 01 जून 2022 से 31 जून 2022 तक चलने वाले एन0सी0डी0 अभियान एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण आख्या निम्नवत् है–

**दिनांक 06.06.2022** को सर्वप्रथम राज्य स्तरीय टीम द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी बलरामपुर से मुलाकात कर उन्हें भ्रमण के उद्देश्य से अवगत कराया गया।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–श्रीदत्तगंज**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| आशा योजना–<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे 160 के सापेक्ष 157 कार्यरत आशा है और 8 के सापेक्ष 8 कार्यरत आशा संगिनी है।<br>• आशाओं के रू0 12000/– (कोविड विशेष प्रोत्साहन राशि) के लम्बित भुगतान हेतु ब्लॉक स्तर सेबीसी0पी0एम0–एम0आई0एस0 पोर्टल पर वाउचर अपलोड करते हुए भुगतान हेतु जनपद को फॉरवर्ड किया जा चुका था।<br>• आशाओं के रू0 1500/– (स्टेट बजट प्रोत्साहन राशि) के लम्बित भुगतान हेतु ब्लॉक स्तर से बीसी0पी0एम0–एम0आई0एस0 पोर्टल पर वाउचर अपलोड करते हुए भुगतान हेतु जनपद को फॉरवर्ड किया जा चुका था। | अवलोकित बिन्दुओं पर तुरन्त कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया। | ए0सी0एम0ओ0 आर0सी0एच0/चिकित्सा अधीक्षक /नोडल अधिकारी/बी0सी0पी0एम0 |

| | | |
|---|---|---|
| • आशा क्लस्टर बैठक का आयोजन प्रत्येक शुक्रवार को इकाई पर नियमित रूप से हो रहा है एवं क्लस्टरवार बैठक के कार्यवृत्त/रजिस्टर/रिकार्ड का रख–रखाव किया जा रहा है।<br>• रोगी कल्याण समिति के सभी खाते खुल गये हैं किन्तु बैठक की कार्यवृत्त एवं अन्य अभिलेख कार्यालय पर उपलब्ध नहीं है।<br>• आशा शिकायत निवारण समिति का दिवाल लेंखन नहीं है एवं आशाओं/आशा संगिनियों की शिकायत व निस्तारण का कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं था।<br>• आशा संगिनी की मासिक बैठक का आयोजन इकाई पर नियमित रूप से हो रहा है एवं बैठक के कार्यवृत्त/उपस्थिति रजिस्टर/रिकार्ड का रख–रखाव किया जा रहा है।<br>• वित्तीय वर्ष 2021–22 का आशा संगिनी डायरी एवं आशा वी0एच0आई0आर0 उपलब्ध नहीं है।<br>**पैथालॉजी–**<br>• पैथालॉजी अत्यधिक गंदी थी।<br>• CBC Test नहीं हो रहा है।<br>• HIV test Kitउपलब्ध नहीं थी।<br>• 01 अप्रैल 2022 से 06 जून तक कुल 252 Tuberculosis test हुआ था जिसमें से कुल 9 केस धनात्मक पाये गये थे तथा उनका इलाज प्रारम्भ कर दिया गया था।<br>**एन0बी0एस0यू0–**<br>• 04 रेडिएण्ट वार्मर क्रियाशील स्थिति में थे तथा उनकी लॉगबुक नियमित रूप से अपडेट की जा रही है।<br>**जननी सुरक्षा योजना/जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम–**<br>• जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को नियमित रूप से भुगतान किया जा रहा है।<br>• जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभार्थियों को भोजन दिया जा रहा था।<br>**लेबर रूम–**<br>• केस शीट/लेबर रजिस्टर अपडेट थे।<br>• सफाई की पर्याप्त<br>• 7 ट्रे उपलब्ध थी।<br>• बिन पर रंगों के अनुसार पॉलीथीन नहीं लगी थी।<br>• स्टाफ नर्स एस0बी0ए0 प्रशिक्षित थी। | • आशा शिकायत निवारण समिति के सदस्यों का नाम दीवार पर अंकित किये जाने का सुझाव दिया गया।<br>• आशा संगिनी डायरी एवं आशा वी0एच0आई0आर0 प्रिण्ट कराकर उपलब्ध कराने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा गया।<br>• साफ–सफाई कराये जाने हेतु लैब टेक्नीशियन को निर्देशित किया गया।<br>अवलोकित बिन्दुओं पर तुरन्त कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया। | ए0सी0एम0ओ0 आर0सी0एच0/चिकित्सा अधीक्षक /नोडल अधिकारी/बी0सी0पी0एम0 |

| | | |
|---|---|---|
| बुलेंस–<br>• EMT प्रशिक्षित था।<br>• उपकरण नए थे।<br>• 102 एवं 108 की लॉग बुक नियमित रूप से भरी जा रही है। | | |

**उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–जिगना, ब्लॉक श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| • सुश्री मंजू यादव, सी0एच0ओ0 द्वारा ओ0पी0डी0 का कार्य किया जा रहा था।<br>• केन्द्र की औसत दैनिक ओ0पी0डी0 10–12 है।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा समस्त अभिलेख व्यवस्थित तरीके से अद्यतन किये जा रहे थे<br>• मेडिसिन स्टॉक रजिस्टर सही तरीके से नहीं बना था।<br>• एन0सी0डी0 अभियान हेतु उपकेन्द्र स्तरीय माइक्रोप्लान तैयार किया गया था।<br>• केन्द्र पर फैमिली फोल्डर/सी–बैक फार्म पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थे जिन्हें आशाओं द्वारा भरा जा रहा है तथा भरे हुए फैमिली फोल्डर केन्द्र पर रखे हुए थे जिन्हें पोर्टल पर अपलोड किया जाना था।<br>• भ्रमण के दिनांक तक कुल 1813 पोर्टल पर पंजीकरण किये गये थे। जिसमें से 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1244 लोगों है। जिसके सापेक्ष कुल 287 स्क्रीनिंग की गयी है, जो कि अत्यन्त कम है।<br>• केन्द्र पर स्क्रीनिंग हेतु आवश्यक औषधि, उपकरण एवं कन्ज़्यूमेबिल्स उपलब्ध थे।<br>• केन्द्र पर जन आरोग्य समिति का गठन हो चुका है जिसकी 03 बैठकें भी करायी जा चुकी हैं।<br>• जन आरोग्य समिति की धनराशि से केन्द्र की पुताई, पंखा, बाल्टी,मग, वाइपर इत्यादि कार्य किया गया है। जिस हेतु कुल रू0 38000/– का व्यय हुआ है।<br>• आशाओं को स्मार्ट फोन वितरित नहीं किया गया है।<br>• सी0एच0ओ0 के पास टेबलेट/लैपटॉप नहीं है। सी0एच0ओ0 द्वारा अपने व्यक्तिगत मोबाइल से कार्य किया जा रहा है।<br>• सेण्टर पर बिजली पानी, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था है।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा डी0वी0डी0एम0एस0 के माध्यम से औषधियों की मांग प्रेषित कर औषधि प्राप्त की जा रही थी।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा नियमित रूप से ई–संजीवनी टेलीकन्सल्टेशन कराया जा रहा है। | • सी0एच0ओ0 को मेडिसिन स्टॉक रजिस्टर सही तरीके से बनाया जाना बताया गया।<br>• बचे हुए 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्क्रीनिंग किये जाने हेतु सी0एच0ओ0 को निर्देशित किया गया।<br>• टेबलेट/लैपटॉप के सम्बन्ध में डी0सी0पी0एम0 से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि लैपटॉप का क्रय प्रक्रिया में है। | ए0सी0एम0ओ0<br>आर0सी0एच0/<br>सी0एच0ओ0 |

उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–कटिया, ब्लॉक–बलरामपुर, जनपद–बलरामपुर।

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| • सुश्री नेहा तिवारी, सी0एच0ओ0 द्वारा ओ0पी0डी0 का कार्य किया जा रहा था।<br>• केन्द्र की औसत दैनिक ओ0पी0डी0 10–15 है।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा समस्त अभिलेख व्यवस्थित तरीके से अद्यतन किये जा रहे थे।<br>• एन0सी0डी0 अभियान हेतु उपकेन्द्र स्तरीय माइक्रोप्लान तैयार किया गया था।<br>• केन्द्र पर फैमिली फोल्डर/सी–बैक फार्म पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थे जिन्हें आशाओं द्वारा भरा जा रहा है तथा भरे हुए फैमिली फोल्डर केन्द्र पर रखे हुए थे जिन्हें पोर्टल पर अपलोड किया जाना था।<br>• भ्रमण के दिनांक तक कुल 2900 लाभार्थियों का पोर्टल पर पंजीकरण किये गये थे। जिसमें से 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1917 लोगों है। जिसके सापेक्ष कुल 614 स्क्रीनिंग की गयी है।<br>• केन्द्र पर स्क्रीनिंग हेतु आवश्यक उपकरण जैसे–ग्लूकोमीटर, बी0पी0 मशीन एवंऔषधि व कन्ज़्यूमेबिल्स उपलब्ध थे।<br>• उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर कक्ष का निर्माण पूर्ण नहीं हुआ है। निर्माण की गुणवत्ता अत्यन्त खराब है।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा ए0एन0एम0 के कक्ष में ओ0पी0डी0 की जा रही थी।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा डी0वी0डी0एम0एस0 के माध्यम से औषधियों की मांग प्रेषित कर औषधि प्राप्त की जा रही थी।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा नियमित रूप से ई–संजीवनी टेलीकन्सल्टेशन कराया जा रहा है। | • बचे हुए 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्क्रीनिंग किये जाने हेतु सी0एच0ओ0 को निर्देशित किया गया।<br>• अवलोकित बिन्दुओं पर तुरन्त कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया। | ए0सी0एम0ओ0 आर0सी0एच0/ सी0एच0ओ0 |

उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–रामपुर बनभुसरा, जनपद– बलरामपुर।

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| • सुश्री हिना सी0एच0ओ0 द्वारा ओ0पी0डी0 का कार्य किया जा रहा था।<br>• केन्द्र की औसत दैनिक ओ0पी0डी0 15–18 है।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा समस्त अभिलेख व्यवस्थित तरीके से अद्यतन किये जा रहे थे<br>• मेडिसिन स्टॉक रजिस्टर सही तरीके से नहीं बना था।<br>• एन0सी0डी0 अभियान हेतु उपकेन्द्र स्तरीय माइक्रोप्लान तैयार किया गया था।<br>• केन्द्र पर फैमिली फोल्डर/सी–बैक फार्म पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थे जिन्हें आशाओं द्वारा भरा जा रहा है।<br>• भ्रमण के दिनांक तक कुल 3293लोगों का पोर्टल पर पंजीकरण किये गये थे। जिसमें से 30 वर्ष से अधिक आयु | • सी0एच0ओ0 को मेडिसिन स्टॉक रजिस्टर सही तरीके से बनाया जाना बताया गया।<br>• बचे हुए 30 वर्ष से अधिक आयु | ए0सी0एम0ओ0 आर0सी0एच0/ सी0एच0ओ0 |

| | | |
|---|---|---|
| • वर्ग के 1687 है। जिसके सापेक्ष कुल 327 स्क्रीनिंग की गयी है, जो कि अत्यन्त कम है।<br>• केन्द्र पर स्क्रीनिंग हेतु आवश्यक औषधि, उपकरण एवं कन्ज्यूमेबिल्स उपलब्ध थे।<br>• केन्द्र पर जन आरोग्य समिति का गठन हो चुका है।<br>• आशाओं को स्मार्ट फोन वितरित नहीं किया गया है।<br>• सी0एच0ओ0 के पास टेबलेट/लैपटॉप नहीं है। सी0एच0ओ0 द्वारा अपने व्यक्तिगत मोबाइल से कार्य किया जा रहा है।<br>• सी0एच0ओ0 कक्ष पर बिजली पानी, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था नहीं है। सी0एच0ओ0 कक्ष में अस्थाई तौर पर बिजली का कनेक्शन किया गया है।<br>• उपकेन्द्र पर ए0एन0एम0 द्वारा व्यक्तिगत विद्युत कनेक्शन लिया गया है जिसका बिल उनके द्वारा वहन किया जाता है।<br>• उपकेन्द्र पर ए0एन0एम0 द्वारा औसतन प्रतिमाह 15 प्रसव कराये जाते हैं। उपकेन्द्र का प्रसव कक्ष व्यवस्थित पाया गया।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा नियमित रूप से ई–संजीवनी टेलीकन्सल्टेशन कराया जा रहा है। | वर्ग के स्क्रीनिंग किये जाने हेतु सी0एच0ओ0 को निर्देशित किया गया।<br>• टेबलेट/लैपटॉप के सम्बन्ध में डी0सी0पी0एम0 से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि लैपटॉप का क्रय प्रक्रियाधीन है।<br>• सी0एच0ओ0 कक्ष पर बिजली पानी, शौचालय बिजली कनेक्शन आदि की समुचित व्यवस्था हेतु अधीक्षक से कहा गया तथा उक्त स्थिति मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराया गया। | |

**दिनांक 07.06.2022** को सर्वप्रथम राज्य स्तरीय टीम द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी **जनपद–श्रावस्ती** से मुलाकात कर उन्हें भ्रमण के उद्देश्य से अवगत कराया गया।

## एफ0आर0यू0, सी0एच0सी0, इकौना, श्रावस्ती।

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| • सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात सभी स्टाफ व चिकित्साधिकारी उपस्थित थे तथा उनके द्वारा ओ0पी0डी0 आदि का कार्य किया जा रहा है।<br>**आशा योजना–**<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे 280 के सापेक्ष 270 कार्यरत आशा है और 13 के सापेक्ष 12 कार्यरत आशा संगिनी है।<br>• माह–फरवरी तक का भुगतान आशा और आशा संगिनी किया जा चुका है।<br>• केन्द्र पर आशा क्लस्टर बैठक नियमित रूप से मंगलवार एवं वृहस्पतिवार को आयोजित हो रही है तथा आशा क्लस्टर बैठक क्लस्टरवार बैठक के कार्यवृत्त/रजिस्टर/रिकार्ड का रख–रखाव किया जा रहा है।<br>• वर्ष 2021–22 का आशा वाउचर प्रिण्ट नहीं हुआ है। आशाओं द्वारा फोटोकॉपी कराकर अथवा हाथ से लिखकर वाउचर जमा किया जा रहा है।<br>• वर्ष 2021–22 का वी0एच0आई0आर0 प्रिण्ट नहीं हुआ है।<br>• समस्त आशाओं को मोबाइल और छाता वितरित हो गया है। | • आशा वाउचर प्रिण्ट कराये जाने हेतु ए0सी0एम0ओ0 आर0सी0एच0 से कहा गया। | ए0सी0एम0ओ0 आर0सी0एच0/चिकित्सा अधीक्षक /नोडल अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| **जननी सुरक्षा योजना/जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम–**<br>• जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का 03.10.2021 के भुगतान लम्बित पाये गये।<br>• जननी सुरक्षा योजना का बजट न होने से अप्रैल 2022 से लाभार्थियों का भुगतान नहीं किया जा रहा है।<br>• जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत नियमित रूप से भोजन नहीं दिया जा रहा था।<br>• जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित मेन्यू के आधार भोजन नहीं बन रहा था।<br>**टेलीमेडिसिन–**<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर टेलीमेडिसिन हब की स्थापना हुई थी। कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा लॉग–इन किया गया था तथा चिकित्सक द्वारा एक टेलीकन्सल्टेशन किया गया था।<br>**फैमिली प्लानिंग–**<br>• परिवार नियोजन से सम्बन्धित अभिलेखों का रख–रखाव किया जा रहा है। अन्तरा के लाभार्थियों का नियमित फॉलो–अप नहीं हो रहा था।<br>• आई0यू0सी0डी0/पी0पी0आई0यू0सी0डी0 की उपलब्धता थी तथा सेवा प्रदान की जा रही है। | • जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत नियमित रूप से मेन्यू के आधार पर भोजन उपलब्ध कराने हेतु अधीक्षक से कहा गया। | |
| **प्रसव कक्ष–**<br>• केस शीट/लेबर रजिस्टर अपडेट थे।<br>• सफाई की पर्याप्त<br>• 7 ट्रे उपलब्ध थी।<br>• बिन पर रंगों के अनुसार पॉलीथीन नहीं लगी थी।<br>• स्टाफ नर्स एस0बी0ए0 प्रशिक्षित थी।<br>**एम्बुलेन्स–**<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 102 की 04 एम्बुलेन्स एवं 108 की 04 एम्बुलेन्स क्रियाशील अवस्था में है।<br>• EMT प्रशिक्षित थे।<br>• उपकरण नए थे और उपयोग नहीं किए गए थे।<br>• बीपी उपकरण, अंबु बैग,मास्क, ऑक्सीजन आदि उपलब्ध थे।<br>**एन0बी0एस0यू0–**<br>• एन0बी0एस0यू0 एडमिशन रजिस्टर पर पूरी सूचनाएं अंकित की जा रही थी। प्रसव के दिनांक व समय से एन0बी0एस0यू0 की सूचनाएं अपडेट थी।<br>**कोल्ड चेन–**<br>• कोल्ड चेनरूम में रखे हुए सभी फ्रीजर व उपकरण कार्य कर रहे थे।<br>• श्री सूर्य कुमार श्रीवास्तव द्वारा कोल्ड चेन का कार्य किया जा रहा था तथा प्रशिक्षित थे।<br>• वैक्सीन हेतु टेम्प्रचर का रिकार्ड समय–समय पर अपडेट किया जा रहा था। | अवलोकित बिन्दुओं पर तुरन्त कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |

उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–जयचन्दपुर कटघरा, ब्लॉक–इकौना, जनपद– श्रावस्ती।

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| • सुश्री पूजा दीक्षित सी0एच0ओ0 द्वारा ओ0पी0डी0 का कार्य किया जा रहा था।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा समस्त अभिलेख व्यवस्थित तरीके से अद्यतन किये जा रहे थे<br>• मेडिसिन स्टॉक रजिस्टर सही तरीके से नहीं बना था।<br>• एन0सी0डी0 अभियान हेतु उपकेन्द्र स्तरीय माइक्रोप्लान तैयार नहीं किया गया था।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा बताया गया कि एन0सी0डी0 एप्लीकेशन काम नहीं कर रहा है जिस कारण एन0सी0डी0 पोर्टल पर प्रगति नहीं देखी जा सकी।<br>• केन्द्र पर स्क्रीनिंग हेतु आवश्यक औषधि, उपकरण एवं कन्ज़्यूमेबिल्स उपलब्ध थे।<br>• केन्द्र पर जन आरोग्य समिति का गठन हो चुका है।<br>• जन आरोग्य समिति की धनराशि से उपकेन्द्र की रंगाई, पुताई, फ्लोर टाइल्स आदि कार्य कराया गया है।<br>• टी0बी0 मरीजों का नियमित फॉलोअप किया जा रहा है। वर्तमान में 03 पॉजिटिव केस उपकेन्द्र क्षेत्र में है।<br>• सी0एच0ओ0 के पास टेबलेट/लैपटॉप नहीं है। सी0एच0ओ0 द्वारा अपने व्यक्तिगत मोबाइल से कार्य किया जा रहा है।<br>• सी0एच0ओ0 कक्ष पर बिजली पानी, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था है। | • सी0एच0ओ0 को मेडिसिन स्टॉक रजिस्टर सही तरीके से बनाया जाना बताया गया।<br>• एन0सी0डी0 अभियान हेतु उपकेन्द्र स्तरीय माइक्रोप्लान तैयार किये जाने का निर्देश दिया गया।<br>• एन0सी0डी0 एप्लीकेशन में आ रही समस्या का मौके पर ही निस्तारण किया गया। | सी0एच0ओ0 |

उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–गुलरा, ब्लॉक–सिरसिया, जनपद– श्रावस्ती।

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| • सुश्री नीतू मिश्रा सी0एच0ओ0 अपने केन्द्र पर उपस्थित थी तथा ओ0पी0डी0 का कार्य किया जा रहा था।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा समस्त अभिलेख व्यवस्थित तरीके से अद्यतन किये जा रहे थे<br>• एन0सी0डी0 अभियान हेतु उपकेन्द्र स्तरीय माइक्रोप्लान तैयार किया गया था।<br>• एन0सी0डी0 पोर्टल का लॉग–इन आई0डी0 काम नहीं कर रहा था। जिस कारण से पूर्व में पोर्टल पर किया गया कार्य देखा नहीं जा सका।<br>• केन्द्र पर फैमिली फोल्डर/सी–बैक फार्म पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थे जिन्हें आशाओं द्वारा भरा जा रहा है।<br>• उपकेन्द्र पर स्क्रीनिंग हेतु आवश्यक औषधि, उपकरण एवं कन्ज़्यूमेबिल्स उपलब्ध थे।<br>• सी0एच0ओ0 के पास टेबलेट है।<br>• सी0एच0ओ0 कक्ष पर बिजली पानी, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था है।<br>• सी0एच0ओ0 की डी0वी0डी0एम0एस0 आई0डी0 बनी है। | • एन0सी0डी0 एप्लीकेशन में आ रही समस्या का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा स्क्रीनिंग हेतु निर्देशित किया गया। | सी0एच0ओ0 |

| | | |
|---|---|---|
| जिसके द्वारा इण्डेण्ट करके मेडिसिन प्राप्त की जा रही है।<br>• केन्द्र पर स्क्रीनिंग हेतु आवश्यक औषधि, उपकरण एवं कन्ज़्यूमेबिल्स उपलब्ध थे।<br>• केन्द्र पर जन आरोग्य समिति का गठन हो चुका है।<br>• जन आरोग्य समिति की धनराशि से उपकेन्द्र की टीन शेड व शौचालय आदि का कार्य कराया गया है।<br>• केन्द्र पर गतिविधिवार आई0ई0सी0 प्रदर्शित थी।<br>• केन्द्र पर विश फाउण्डेशन के सहयोग से भी ई–कन्सल्टेशन सेवाएं उपलब्ध करायी जारही थी जिस हेतु विश फाउण्डेशन संस्था द्वारा उपकरण उपलब्ध कराये गये हैं | | |

**उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–चिल्हरिया, ब्लॉक–सिरसिया, जनपद– श्रावस्ती।**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| • सुश्री रूबी सी0एच0ओ0 अपने केन्द्र पर उपस्थित थी तथा ओ0पी0डी0 का कार्य किया जा रहा था।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा समस्त अभिलेख व्यवस्थित तरीके से अद्यतन किये जा रहे थे।<br>• एन0सी0डी0 अभियान हेतु उपकेन्द्र स्तरीय माइक्रोप्लान तैयार किया गया था।<br>• भ्रमण के दिनांक तक 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 2980 लोगों का पोर्टल पर पंजीकरण किया गया था। जिसके सापेक्ष कुल 1345 स्क्रीनिंग की गयी है।<br>• केन्द्र पर फैमिली फोल्डर/सी–बैक फार्म उपलब्ध नहीं था।<br>• उपकेन्द्र पर स्क्रीनिंग हेतु आवश्यक औषधि, उपकरण एवं कन्ज़्यूमेबिल्स उपलब्ध थे।<br>• सी0एच0ओ0 कक्ष पर बिजली पानी, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था है।<br>• सी0एच0ओ0 की डी0वी0डी0एम0एस0 आई0डी0 बनी है। जिसके द्वारा इण्डेण्ट करके मेडिसिन प्राप्त की जा रही है।<br>• केन्द्र पर स्क्रीनिंग हेतु आवश्यक औषधि, उपकरण एवं कन्ज़्यूमेबिल्स उपलब्ध थे।<br>• केन्द्र पर जन आरोग्य समिति का गठन हो चुका है।<br>• केन्द्र पर गतिविधिवार आई0ई0सी0 प्रदर्शित थी।<br>• जन आरोग्य समिति की धनराशि से उपकेन्द्र की टीन शेड व शौचालय आदि का कार्य कराया गया है।<br>• केन्द्र पर विश फाउण्डेशन के सहयोग से भी ई–कन्सल्टेशन सेवाएं उपलब्ध करायी जारही थी जिस हेतु विश फाउण्डेशन संस्था द्वारा उपकरण उपलब्ध कराये गये हैं। | • बचे हुए 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्क्रीनिंग किये जाने हेतु सी0एच0ओ0 को निर्देशित किया गया।<br>• केन्द्र पर फैमिली फोल्डर/सी–बैक फार्म उपलब्ध कराये जाने हेतु बी0सी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया। | |

**दिनांक 07.06.2022 को** राज्य स्तरीय टीम द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद श्रावस्ती को क्षेत्र भ्रमण के उपरान्त एन0सी0डी0 अभियान, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर, आशा भुगतान एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम सम्बन्धी बिन्दुओं से अवगत कराया गया।

दिनांक–08.06.2022

ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र(हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर)–जोकहिया–बलरामपुर, जनपद बलरामपुर

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| **आशा योजना–** | | |
| • सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे 315 के सापेक्ष 302 कार्यरत आशा है और 15 के सापेक्ष 15 कार्यरत आशा संगिनी है। | | |
| • माह–मार्च तक आशा और आशा संगिनी का भुगतान किया जा चुका है। | | |
| • केन्द्र पर आशा क्लस्टर बैठक नियमित रूप से शुक्रवार को आयोजित हो रही है तथा आशा क्लस्टर बैठक क्लस्टरवार बैठक के कार्यवृत्त/रजिस्टर/रिकार्ड का रख–रखाव किया जा रहा है। | | |
| • प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्डवेलनेस सेण्टर, जोकहिया–बलरामपुर में प्रसव सम्पादित कराये जाते हैं। | | |
| • प्रतिमाह औसतन 50–55 प्रसव केन्द्र पर सम्पादित कराये जाते हैं। | | |
| • इकाई पर महिला चिकित्साधिकारी डा0 नमिता तैनात हैं। जिनकी निगरानी में प्रसव सम्पादित कराये जाते हैं। | | |
| • एन0सी0डी0 अभियान के बारे में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि केन्द्र पर अभियान का माइक्रोप्लान बनाया गया है। | | नोडल अधिकारी/जिला कार्यक्रम प्रबन्धक |
| • केन्द्र पर स्क्रीनिंग का कार्य डा0 जगमोहन द्वारा किया जा रहा है। | | |
| • डा0 जगमोहन द्वारा एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग का रजिस्टर बनाया गया था जिसमें ए0सी0डी0 स्क्रीनिंग का डेटा अंकित किया गया है। किन्तु एम0एच0सी0पी0–स्टाफ नर्स न होने के कारण डेटा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा रहा है। | | |
| • चिकित्साधिकारी के पास हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर का लैपटॉप उपलब्ध नहीं है। चिकित्साधिकारी द्वारा ई–संजीवनी का कार्य मोबाइल द्वारा किया जा रहा है। | • जिला कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि लैपटॉप क्रय प्रक्रियाधीन है। | |
| • चिकित्साधिकारी द्वारा हब के रूप में 5–6 कन्सल्टेशन प्रतिदिन किया जा रहा है। | | |
| **आशा योजना–** | | |
| • आशाओं के रू0 12000/– (कोविड विशेष प्रोत्साहन राशि) के लम्बित भुगतान हेतु ब्लॉक | | |

| | | |
|---|---|---|
| स्तर से बीसी0पी0एम0–एम0आई0एस0 पोर्टल पर वाउचर अपलोड करते हुए भुगतान हेतु जनपद को फॉरवर्ड किया जा चुका था।<br>• आशाओं के रू0 1500/– (स्टेट बजट प्रोत्साहन राशि) के लम्बित भुगतान हेतु ब्लॉक स्तर से बीसी0पी0एम0–एम0आई0एस0 पोर्टल पर वाउचर अपलोड करते हुए भुगतान हेतु जनपद को फॉरवर्ड किया जा चुका था। | | |

**उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–बरईपुर, जनपद– बलरामपुर।**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| • सुश्री मीनू रानी सी0एच0ओ0 अपने केन्द्र पर उपस्थित थी तथा ओ0पी0डी0 का कार्य किया जा रहा था।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा समस्त अभिलेख व्यवस्थित तरीके से अद्यतन किये जा रहे थे<br>• एन0सी0डी0 अभियान हेतु उपकेन्द्र स्तरीय माइक्रोप्लान नहीं तैयार किया गया था।<br>• केन्द्र पर फैमिली फोल्डर/सी–बैक फार्म उपलब्ध था।<br>• उपकेन्द्र पर आवश्यक औषधि, उपकरण एवं कन्ज़्यूमेबिल्स उपलब्ध थे।<br>• सी0एच0ओ0 कक्ष पर बिजली पानी, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था है।<br>• स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध था।<br>• सी0एच0ओ0 के पास टैबलेट नहीं था। अपने व्यक्तिगत मोबाइल से एन0सी0डी0 पोर्टल पर सूचना पूर्व में अपलोड कर रही थी। वर्तमान में पोर्टल पर लॉग–इन नहीं हो पा रहा है जिस कारण पूर्व में किये गये कार्य को देखा नहीं जा सका।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा ई–संजीवनी टेलीकन्सल्टेशन का कार्य किया जा रहा है।<br>• केन्द्र पर जन आरोग्य समिति का गठन हो चुका है।<br>• जन आरोग्य समिति की धनराशि से उपकेन्द्र के रनिंग वाटर एवं विद्युत आदि का कार्य कराया गया है। | • उपकेन्द्र स्तरीय माइक्रोप्लान तैयार किये जाने हेतु निर्देशितत किया गया ।<br>• एन0सी0डी0 एप्लीकेशन में आ रही समस्या का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा स्क्रीनिंग हेतु निर्देशित किया गया। | सी0एच0ओ0 |

**उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर–मदारा, ब्लॉक–इकौना, जनपद– श्रावस्ती।**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| • सुश्री आरती सी0एच0ओ0 अपने केन्द्र पर उपस्थित थी तथा ओ0पी0डी0 का कार्य किया जा रहा था।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा समस्त अभिलेख व्यवस्थित तरीके से अद्यतन किये जा रहे थे<br>• एन0सी0डी0 अभियान हेतु उपकेन्द्र स्तरीय माइक्रोप्लान तैयार नहीं किया गया था। | • उपकेन्द्र स्तरीय माइक्रोप्लान तैयार किये जाने एवं प्लान | सी0एच0ओ0/बी0सी0पी0एम0 |

| | | |
|---|---|---|
| केन्द्र पर फैमिली फोल्डर/सी–बैक फार्म पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थे जिन्हें आशाओं द्वारा भरा जा रहा है।<br>• भ्रमण के दिनांक तक 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 2818 लोगों का पोर्टल पर पंजीकरण किया गया था। जिसके सापेक्ष कुल 1188 स्क्रीनिंग की गयी है।<br>• उपकेन्द्र पर स्क्रीनिंग हेतु आवश्यक औषधि, उपकरण एवं कन्ज़्यूमेबिल्स उपलब्ध थे।<br>• सी0एच0ओ0 के पास टेबलेट है।<br>• सी0एच0ओ0 कक्ष पर बिजली पानी, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था है।<br>• सी0एच0ओ0 की डी0वी0डी0एम0एस0 आई0डी0 बनी है। जिसके द्वारा इण्डेण्ट करके मेडिसिन प्राप्त की जा रही है।<br>• सी0एच0ओ0 द्वारा इस माह में मात्र 01 टेलीकन्सल्टेशन कराया गया है।<br>• केन्द्र पर स्क्रीनिंग हेतु आवश्यक औषधि, उपकरण एवं कन्ज़्यूमेबिल्स उपलब्ध थे।<br>• केन्द्र पर जन आरोग्य समिति का गठन हो चुका है।<br>• जन आरोग्य समिति की धनराशि से उपकेन्द्र की रंगाई, पुताई, फ्लोर टाइल्स व पानी का पम्प आदि कार्य कराया गया है। | के अनुसार एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग हेतु निर्देशित किया गया ।<br>• सी0एच0ओ0 को और अधिक टेलीकन्सल्टेशन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | |

**दिनांक 08.06.2022 को** राज्य स्तरीय टीम द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद बलरामपुर को क्षेत्र भ्रमण के उपरान्त एन0सी0डी0 अभियान, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर, आशा भुगतान एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम सम्बन्धी अवलोकित बिन्दुओं से अवगत कराया गया।

Archana Shukla

Dr. Anita Ku
Consultant-C

अजय कुमार
टीम लीडर-एच0डब्लू0
एस0बी0एम0यू0, एन0एच0एम0